सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 353 | इंदौर, शुक्रवार 05 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कीर स्टार्मर होंगे ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री

**ब्रिटेन चुनाव: 650 में से 530 सीटों के नतीजे घोषित, कंजरवेटिव पार्टी के खाते में गईं 362 सीटें**



प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बीच अपनी हार स्वीकार कर ली है. उन्होंने इस हार की खुद जिम्मेदारी ली है. उन्होंने कहा कि 'मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं और किएर स्टार्मर को जीत की बधाई देता हूं.'

### Headline

- हाथरस भगदड़: दलितों के गढ़ में बाबा को मसीहा मानते हैं अनुयायी, मरने वालों और घायलों में अधिकांश दलित और OBC
- Paris Olympics 2024: ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने की खास मुलाकात, दिया विजय-मंत्र

# भारत में घुसपैठ, अरब-बांग्लादेश के दूतावासों को नोटिस

## एमपी हाईकोर्ट ने विदेशी नागरिक की जानकारी मांगी पहले बोला- बांग्लादेशी हूं, अब अरबी बता रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सउदी अरब और बांग्लादेश के दूतावासों को नोटिस जारी किए हैं। यह नोटिस गैरकानूनी तरीके से भारत में घुसे विदेशी नागरिक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए गए। सुनवाई बुधवार को हुई।**

अहमद अलमक्की को ग्वालियर के पड़ाव थाने की पुलिस ने 21 सितंबर 2014 को अरेस्ट किया था। वह बांग्लादेश के पासपोर्ट पर सिम खरीदने की कोशिश में था। उसके पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट, सऊदी अरब का ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

उसे 3 साल की सजा हुई, जो 22 अक्टूबर 2017 को पूरी हो चुकी है। फिलहाल उसे ग्वालियर सेंट्रल जेल के डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में उसने कहा है कि उसे गलत तरीके से हिरासत में




रखा हुआ है।

अलमक्की ने खुद को सऊदी अरब का बताते हुए अपने देश पहुंचाने की मांग रखी है। लेकिन, जब वह पकड़ा गया था, तब उसने पुलिस को पूछताछ में खुद को बांग्लादेशी बताया था। ऐसे में कोर्ट ने दोनों देशों के दिल्ली स्थिति दूतावाओं से जानकारी देने को कहा है।

### चकमा देकर भागा था हैदराबाद

22 सितंबर 2017 को अलमक्की की सजा पूरी हो गई थी, इसके बाद उसे 9 महीने तक केंद्रीय जेल में रखा गया। 12 जून 2018 को पुलिस उसे डिटेन कर रही थी। महलगांव मस्जिद से लौटते सम पड़ाव थाना क्षेत्र के एलआइसी तिराहे पर आरक्षक विजय शंकर को चकमा देकर भाग गया था। ग्वालियर की पड़ाव थाना पुलिस ने उसे हैदराबाद में सायबराबाद कमिश्नरेट के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र से दोस्त इस्माइल के घर से पकड़ा था।

### क्या है बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका?

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को कानूनी भाषा में हैबियस कॉपर्स कहा जाता है। इस याचिका का इस्तेमाल हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में तब किया जाता है, जब किसी व्यक्ति को अवैध रूप से कस्टडी में रखा जाए या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ऐसा कार्य किया जाना, जो अपहरण के दायरे में आता हो।

# भोपाल में पौधरोपण की रस्मअदायगी

## कटाई ताबड़तोड़ : 5 साल में लगे साढ़े 6 लाख पौधों में से 70% सूखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मानसून आने के साथ ही पौधरोपण के अभियानों की चर्चा है। लेकिन हकीकत ये है कि शहर में पिछले 5 साल में सरकारी तौर पर साढ़े छह लाख से अधिक पेड़ लगाए गए। इस पर करीब 30 करोड़ खर्च हुए। हालत ये है कि इनमें 70% सूख चुके हैं। बीआरटीएस व स्मार्ट सिटी के नाम पर शिफ्ट 775 पेड़ों में से एक भी नहीं बचा। पौधरोपण व पेड़ों की शिफ्टिंग के नाम पर सिर्फ दिखावा हो रहा है।**

कलियासोत डेम से 13 शटर तक 2019 में रोपे गए 2000 पौधों का अब कोई निशान नजर नहीं आता। स्मार्ट सिटी एरिया में स्टेडियम के पास, जवाहर चौक, लाड़ली बहना पार्क में रोपे गए ज्यादातर पौधे गायब हो चुके हैं। नियम ऐसे हैं कि 30 सेमी से अधिक गोलाई वाले किसी भी पेड़ को केवल फीस जमा कर काट सकते हैं। नतीजा शहर का ग्रीन कवर सिर्फ 9% रह गया है।

### कट रहे 30 सेमी से कम गोलाई वाले पेड़

शहर में पेड़ काटने की अनुमति के लिए पिछले पांच साल में 1 करोड़ 35 लाख रुपए जमा हुए और लगभग ढाई हजार पेड़ काटने की अनुमति दी गई।नियमों में से गली निकालकर 30 सेमी से कम गोलाई वाले पेड़ों को काटने का कोई शुल्क नहीं लिया जाता और ना उनकी गिनती होती है। इसके अलावा बड़े पेड़ों को भी छंटाई की अनुमति के नाम पर काट दिया जाता है। जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी जा रही है इनमें से अधिकतर की उम्र 40 साल से ज्यादा थी। और जो पौधे लगाए जा रहे हैं उन्हें उस स्थिति में आने में लंबा वक्त लगेगा।

### जहां से काटते हैं वहां से कई किमी दूर पौधरोपण

क्षतिपूर्ति पौधरोपण की एक बड़ी हकीकत यह भी है कि जिन इलाकों से पेड़ काटे जा रहे हैं उसके बदले में पेड़ कई किमी दूर लगाए जा रहे हैं। भोपाल-नरसिंहगढ़ नेशनल हाईवे के विस्तार के लिए 2433 पेड़ एनएचएआई ने काटे थे। इसकी भरपाई के लिए 4 गुना यानी 9732 पौधे 9 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के कवर्ड कैंपस में लगा दिए गए। इसी तरह मेट्रो डिपो के लिए स्टड फार्म वाले इलाके से 947 पेड़ काटे गए। इसकी ऐवज में मिले 5.50 लाख शहर में होने वाले पौधरोपण पर खर्च करने का दावा किया गया है।

### विरोध दबाने शिफ्टिंग की नौटंकी

6 साल पहले स्मार्ट सिटी बसाने के लिए टीटी नगर से पेड़ काटने पर हुए विरोध को दबाने के लिए पेड़ों की शिफ्टिंग शुरू हुई। यह एक नौटंकी ही साबित हुई। क्योंकि कलियासोत के पास जो 125 पेड़ शिफ्ट किए गए थे, उनमें से एक भी नहीं बचा। इस पर लगभग 18.75 लाख रुपए खर्च हुए थे। यहां सूखे पेड़ों के ठूंठ लोग होली पर जलाने के लिए ले गए। इसके पहले बीआरटीएस के लिए 650 पेड़ शिफ्ट किए, इनमें से एक भी नहीं बचा। इस शिफ्टिंग पर लगभग 60 लाख रुपए खर्च हुए थे। यह पेड़ सीहोर नाका (भैंसाखेड़ी), मिसरोद विश्राम घाट, बावड़िया कला, नूतन कॉलेज आदि जगहों पर लगाए थे। अब इनके सिर्फ ठूंठ बचे हैं। कई जगह तो ठूंठ भी गायब हो गए।

# संतों ने दी राहुल गांधी को चेतावनी

### रामगोपाल दास महाराज ने की निंदा, तीन दिन में क्षमा नहीं मांगी तो राजबाड़ा पर धरना देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा में हिन्दुत्व को अपमानित कर हिन्दुओं को हिंसक एवं नफरती बताने वाले विपक्ष के नेता राहुल गांधी को श्रीराम मंदिर पंचकुईया के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज ने चेतावनी दी है कि वे तीन दिनों में सनातनी समाज और हिन्दुओं से क्षमा मांगें, अन्यथा 8 जुलाई को राजबाड़ा पर सुबह 9 से 12 बजे तक धरना दिया जाएगा। इसमें शहर के संतों के साथ हिन्द रक्षक दल, चैतन्य भारत और सकल हिन्दू समाज के लोग भाग लेंगे। यह आंदोलन का प्रथम चरण होगा। यदि इसके बाद भी कांग्रेस ने गलती नहीं मानी तो संत समाज नए कदम का शंखनाद करेगा।**

महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास ने कहा कि यह दुःखद स्थिति है कि राजनीति अपनी सीमा का उल्लंघन कर हिन्दू आस्था को आघात पहुंचा रही है। जो सनातनी हिन्दू वृक्षों, नदियों, पशु-पक्षियों और जीव मात्र में ब्रह्म का दर्शन करता हो, वह हिन्दू समाज हिंसक कैसे हो सकता है। हिन्दुओं की उदारता और करुणा पर आक्षेप लगाना असहनीय है।

# पानी एवं भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभ हुआ जाँच अभियान

### ◆ जाँच दल किये गए गठित, कलेक्टर आशीष सिंह ने ली बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में हाल ही में हुई घटना को देखते हुये जिला प्रशासन ने हॉस्टल, आश्रम, स्कूल आदि ऐसे स्थान जहां सामुदायिक किचन में एक साथ खाना बनता है, वहां भोजन एवं पानी की शुद्धता के लिए जाँच अभियान शुरू किया है। इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह ने फूड सेफ्टी, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के दल बनाये है। इन दलों का समन्वय संबंधित क्षेत्र के एसडीएम करेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि भोजन एवं पेयजल की शुद्धता के लिए सभी संभव प्रयास किये जाये।**



इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में गठित दलों के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, श्रीमती निशा डामोर तथा श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान पानी के स्त्रोत बोरिंग आदि की जाँच की जाये। भोजन की गुणवत्ता देखें, भोजन बनाने के स्थान पर साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं भी देखें। पानी एवं भोजन की गुणवत्ता में कमी दिखाई देने तथा अन्य लापरवाही पाये जाने पर संबंधित संस्थान को नोटिस जारी कर सुधार के लिए मोहलत दी जाये। इसके बाद पुनः निरीक्षण करें। सुधार नहीं पाये जाने पर कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि इस संबंध में एक जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत संबंधित संस्थानों की कार्यशाला भी आयोजित की जायेगी।

# इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा का घर-घर न्यौता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। निपान्या स्थित राधा गोविंद (इस्कॉन) मंदिर की 7 जुलाई को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्या धाम मंदिर से दोपहर 2 बजे निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा का निमंत्रण देने के लिए गुरुवार को सुबह इस्कॉन गुरूकुल के विद्यार्थियों, भक्तों और संतों ने बापट चौराहा स्थित खाटू श्याम मंदिर से अल सुबह संकीर्तन यात्रा निकालकर आम भक्तों को रथयात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया।**

रथयात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल एवं शैलेन्द्र मित्तल ने बताया कि रथयात्रा के प्रति आम लोगों के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए इस बार शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभातफेरी एवं सांध्य फेरी निकालकर भक्तों को न्यौते दिए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार सुबह इस्कॉन गुरूकुल के वेदपाठी छात्रों और भक्तों ने मंदिर से भजन संकीर्तन करते हुए प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान हरे रामा हरे कृष्णा और भगवान जगन्नाथ के जयघोष करते हुए भक्तों को घर-घर पहुंचकर निमंत्रण दिए गए। प्रभातफेरी प्रभारी रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रभातफेरी में मुख्य रूप से इस्कॉन इंदौर के अच्युतगोपाल प्रभु, अद्रिधरण प्रभु, रणवीर प्रभु, कन्हैयालाल शर्मा, सुरजीत वालिया, ओम पानेरी, अन्नू जादौन, दिनेश खिल्लन, बंटी ठाकुर, देवराज सोलंकी सहित बड़ी संख्या में सुखलिया क्षेत्र के भक्तों ने शामिल होकर प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभातफेरी ने सुखलिया, मारुति नगर, बापट चौराहा, भारत माता मंदिर आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया।

# इंदौर में भारतीय न्याय संहिता सप्ताह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मिशन शक्ति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 3 जुलाई को भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, महिला बाल विकास विभाग की जिला मिशन समन्वयक डॉ. वंचना सिंह परिहार ने शासकीय जीजा बाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोती तबेला में छात्राओं एवं प्राध्यापकों को भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में जानकारी दी। महिलाओं के लिए स्थापित डेस्क के उद्देश्य, कार्य, उत्तरदायित्व, एड्रेस, महिला हेल्प लाइन नंबर, महिला सुरक्षा के टूल्स, वन स्टॉप सेंटर, ऊर्जा डेस्क और महत्वपूर्ण कानूनों की धाराओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंजू शर्मा , डॉ. सुषमा, डॉ. अभया दायमा, डॉ. बेला सचदेवा ने भी बालिकाओं को जागरूक किया । एनएसएस की बालिकाओं ने भी हिस्सा लिया। छात्राओं द्वारा अनेक प्रश्न पूछे गए, जिनकी जिज्ञासाओं को पूरा करते हुए सुरक्षात्मक उपायों से सबको अवगत कराया गया।

# बच्ची गड्ढे में गिरी, ठेकेदार पर 1 लाख रु. की पेनल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सड़क पर खुदे गड्ढे में एक बच्ची गिर गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने एलएण्डटी कंपनी के ठेकेदार पर 1 लाख रु. की पेनल्टी लगाई है। साथ ही निगम सब इंजीनियर का भी वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।**

मामला चंदन नगर क्षेत्र के अंबार नगर का है। हाल ही में यहां का एक वीडियो सामने आया था जिसमें बच्ची गिर गई थी। हालांकि वह सकुशल बाहर निकल गई लेकिन यह एक बड़ी घटना का रुप ले सकती थी। यह गड्ढा पानी की पाइप लाइन डालने के लिए किया गया था। दरअसल यहां नर्मदा नल कनेक्शन का काम चल रहा था। इसके लिए इंटर हॉउस कनेक्शन के लिए गड्ढा किया गया था। निगम कमिश्नर ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरह की कोई घटना हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कपड़े की थैली वितरित कर दिया पर्यावरण हितैषी संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और कपड़े से निर्मित थैली के उपयोग करने के आग्रह के साथ एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया और राजेश उदावत ने कपड़े की थैलियों का वितरण किया। नन्दकिशोर पहाड़िया ने राजकुमार मिल सब्जी मंडी में तो राजेश उदावत ने संविद नगर सब्जी मंडी में व्यापारी और ग्राहकों को कपड़ा थैली का वितरण करते हुए जो ग्राहक घर से कपड़ा थैली लेकर आए थे उनका सम्मान भी किया। एम आई सी सदस्यों के इस पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम में उनके साथ रूपाली पेंढारकर, मृदुल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## कटाक्ष




# निजी स्कूल संचालक की लापरवाही, ग्रामीणों ने स्कूल बस थाने में खड़ी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** ग्राम बनेडिया में इनेटिव स्कूल गौतमपुरा की बस क्रमांक एमपी 09 एफ ए 8637 में ओवरलोडिंग की जा रही थी बस खराब हो जाने के कारण एक अन्य बस में बच्चों को बिठाने को लेकर विवाद की स्थिति बनने पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को शिकायत की गई कि दो बस बस के बच्चों को एक बस में बिठाये जाने को लेकर ओवरलोडिंग के चक्कर में ग्राम वासियों की वाहन चालक से जमकर बहस हुई आक्रोशित होकर ग्राम वासियों द्वारा थाने पर शिकायत की गई बच्चों को छोडने के बाद में बस को थाने पर खड़ी करवा ली गई ।




मामले में थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल ने कहा कि आरटीओ को पत्र लिखकर जानकारी दे दी गई है आगे की कार्रवाई परिवहन विभाग द्वारा की जाएगी। ज्ञात रहे कि क्षेत्र में निजी स्कूल संचालकों द्वारा कई प्राइवेट गाडियों में भी बच्चों को स्कूल लाने ले जाने का कार्य किया जाता है कई मैजिक गाडियां खस्ता हालत में होकर बिना जीपीएस कैमरे आदि के सीट के स्थान पर पटीया लगाकर बच्चों को और लोडिंग बिठाया जाता है गत वर्ष परिवहन विभाग द्वारा स्कूल वाहनों की चेकिंग किए जाने के कारण बस व्यवस्थाएं चाक चौबंद हो गई थी लेकिन इस वर्ष फिर से पहले जैसी स्थिति बन गई है।

जिम्मेदारों की मनमानी

# हर घर नल जल योजना को हवा में उड़ाया

## महिलाएं डब्बो से पानी लाने को मजबूर





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
श्री राम बारोड

**देपालपुर। ग्राम पंचायत आगरा में पानी के लिए दर-दर भटक रहे लोग शासन की हर घर नल जल योजना को ठेकेदार और सरपंच ने उड़ाया हवा में अब तक नल जल योजना के तहत गांव में नल नहीं हुए चालू**

सूत्रों से पता चला है की ठेकेदार और सरपंच की आपसी खींचतान की वजह से ना तो पानी की सप्लाई चालू हो रही है ना गांव में पानी पहुंचाया जा रहा है। पीछले 20 दीन से गांव में पानी की सप्लाई गांव में बंद हैं। महिलाए और बच्चे डब्बों से पानी ला रहे है। सरपंच और जिमेदार अधिकारी मोन है । मामले की सियाकायत पीएचई विभाग के अधिकारियो को की गई तो गांव में पीएचई अधिकारी सन्नी वर्मा ठेकेदार और सरपंच पंचायत भवन पहुंचे महिलाओ को जैसे ही खबर लगी की अधिकारी आए हैं महिलाए पंचायत भवन पहुंची और अधिकारी सरपंच और ठेकेदार को खरी खोटी सुना दी 2 दिन में अगर पानी की सप्लाई चालू नहीं हुई तो हम सड़क पर आकर आंदोलन करेंगे आगरा में पुरानी टंकी पर भी मोटर जली हुई है मगर सरपंच सुधार नही करवा रहा और विधायक ने आगरा पंचायत में तीन टैंकर दिए लेकीन आज तक गांव में टैंकर का उपयोग नही लिया गया गांव की महिलाओ का आरोप है की जो होल शासन की और से लगे है उनसे पानी खेतो को दिया जा रहा है।

सरपंच ने अपनी मनमानी के चलते नल बंद चालु करने वाले कर्मचारी को भी हटाया तब से बिगड़ी गांव की व्यवस्था दो साल से कर्मचारी को वेतन भी नही दिया गया।

इस संबंध में कर्मचारी नरपत सोलंकी से संपर्क किया तो उसने बताया कि होल की मोटर पहले कई बार जली है लेकिन मैं गांव से घर-घर से चंदा इकट्ठा करके मोटर को सुधरवाह कर पानी के सप्लाई चालू करवा देता था पर सरपंच ने मुझे हटाकर अपने समाज के एक लड़के को रख लिया मुझे पिछले दो साल से वेतन भी नहीं दिया गया।

# कंपनी सचिव कर रहे पर्यावरण और रक्तदान पर काम, छात्रों को सिखा रहे सेवा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान देशभर में अपने छात्रों के लिए 01 जुलाई से 31 जुलाई तक 'Student Month ' मना रहा है। इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस हेमंत पाटीदार ने बताया की पूरे जुलाई माह में करीब 23 एक्टिविटीज आयोजित करवाई जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अकादमिक गतिविधियों के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यो में भी इन्वॉल्व करना है। उन्होंने कहा की छात्र माह (Student Month) छात्रों के लिए संस्थान के साथ संवाद करने का एक अवसर है और पिछले कुछ वर्षों में हमारे अनुभव के अनुसार, छात्र उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते रहे हैं।

पहले दिन इंदौर चैप्टर द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उसके उपरांत वन महोत्सव मनाया गया जिसमे संस्थान के सदस्यों एवं छात्रों ने पौधरोपण कर प्रकृति के संरक्षण का मैसेज दिया।

इंदौर चैप्टर की वाईस चेयरपर्सन सीएस सुरभि अग्रवाल ने बताया की जुलाई माह में स्टूडेंट्स के लिए वन महोत्सव, रक्तदान शिविर, कंपनी लॉ क्विज, डिबेट कम्पटीशन, मूट कोर्ट, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग कम्पटीशन, स्लोगन राइटिंग, मॉक इंटरव्यू, फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम, समाधान दिवस , स्वच्छ भारत अभियान, कारगिल विजय दिवस, योग सेशन, पोस्टर कम्पटीशन, मार्गदर्शन शिविर आदि 23 एक्टिविटीज प्लान की गई है।

# सड़क पूरी नहीं बनी तो महापौर के घर के बाहर दिया धरना



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महापौर से उन्हीं की कॉलोनी के रहवासी नाराज हैं। गुरुवार सुबह रहवासियों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के घर जाकर धरना दिया। रहवासियों की शिकायत है कि सुदामा नगर ई सेक्टर में चार माह से सड़क निर्माण काम अधूरा है। सड़क खुदी होने से रहवासियों को चलने में भी परेशानी हो रही है। रहवासी गुरुवार सुबह 11 बजे मेयर के घर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि कई बार कहने पर भी का काम पूरा नहीं हुआ। उनकी नाराजगी इस बात पर है कि अब बारिश में परेशानियां और बढ़ेंगी। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# वर्षाकाल के दौरान सुरक्षित रूप से चलाये जाये यात्री वाहन- यातायात नियमों का भी करें पालन

## बस संचालकों को दी गई हिदायतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में यात्री बस संचालकों से कहा गया है कि वे वर्षाकाल के दौरान यात्री बसों का संचालन पूर्ण सुरक्षित रूप से करें। यातायात नियमों का भी पालन करें। उन्हें हिदायत दी गई है कि लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

इस संबंध में आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन्दौर में यात्री बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित बस संचालकों को वर्षाकाल के दौरान सुरक्षित वाहनों संचालन किये जाने के दिशा-निर्देश दिये गये है। नियम और निर्देशों की जानकारी सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री राजेश गुप्ता ने दी। उनसे कहा गया कि मार्ग के मध्य पड़ने वाली पुल-पुलिया पर पानी का बहाव होने पर वाहन को पार न करें। वाहन के ब्रेक एवं



स्टेयरिंग आदि की आईलिंग कार्य पूर्ण करायें। वाहनों को नियंत्रित गति से संचालित किया जाना सुनिश्चित किया जायें। वर्षाकाल के पूर्व वाहन में समस्त तकनीकी कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। वाहनों के फ्रन्ट विन्ड शील्ड पर वाइपर एवं ब्रेक लाईट, फॉगलेम्प, इंडिकेटर, हेडलाईट सुचारू रूप से कार्य कर रहे हो यह सुनिश्चित किया जाये। पुल-पुलिया पर लगे संकेतकों को ध्यान से पढ़े एवं पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का पालन करें। वाहन चालक ड्रायविंग करते समय मोबाईल पर बात न करें। वाहन में प्रवेश व निर्गम द्वार अलग-अलग एवं आपात द्वार ठीक से खुल रहे हो उसे खोलने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। वाहन में अग्निशमन यंत्र (चालू हालत में) एवं प्रथम उपचार पेटी होना आवश्यक है। पुल-पुलिया पर पानी होने पर बस में सवार किसी भी यात्री के दबाव में वाहन को पुल पुलिया से पार नही निकाला जाए। वाहन के वैद्य दस्तावेज (पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस एवं परमिट) होने पर ही वाहन का संचालन करें। चालक का लायसेंस वैद्य हो एवं लोक सेवा यान चलाने के लिये प्राधिकृत होना अनिवार्य है। चालक वाहन की ड्रायविंग सीट पर बैठने के पूर्व अपना मोबाईल परिचालक को सौंप दें, किसी भी स्थिति में वाहन चलाते वक्त मोबाईल का उपयोग न करें। बारिश के दौरान रोड पर वाहनों से थोड़ी ज्यादा डिस्टेंस रखें ताकि जरूरत पड़ने पर वाहन को आराम से रोका जा सकें। बारिश के दौरान कभी भी हैवी ब्रेक नहीं लगावें जिससे वाहन फिसलने का खतरा हो खराब टायरों की वजह से वाहन फिसलने का डर बना रहता है इसलिए टायरों की जांच करा लें। और जरूरत हो तो उन्हें बदलवा लें। समय-समय पर एयर प्रेशर चेक करते रहें, स्टेपनी के लिए अलग से गाड़ी में रखा टायर भी चेक करायें।

# कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर गठित दलों ने पीने के पानी के सैंपल लेने और अन्य जांच की कार्रवाई प्रारंभ की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** हॉस्टल, आश्रम और स्कूलों में पीने के पानी के सेम्पल लेने और खाद्य व्यवस्था को देखने के लिए गठित दलों द्वारा जांच की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसी सिलसिले में आज इन दलों ने विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया और सैंपल लिए। बताया गया कि जांच मुहिम के दौरान आज पीने के पानी के 40 नमूने लिए गए। इनमें से भंवरकुआ क्षेत्र में 10, जूनी इंदौर एसडीएम के क्षेत्र में 6, मल्हारगंज क्षेत्र में 7, चितावद, नौलखा और जूनी इंदौर क्षेत्र में 8, कनाड़िया क्षेत्र में दो, राऊ और महू क्षेत्र में 5 तथा बिचोली हप्सी क्षेत्र में पीने के पानी के दो नमूने लिए गए। मल्हारगंज अनुविभागीय राजस्व अधिकारी क्षेत्र में आने वाले परदेसीपुरा क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इनमें से सात संस्थाओं से पीने के पानी के नमूने लिए गए। किशोर न्याय बोर्ड में एक माह पुरानी एक्सपायरी डेट की हल्दी और धनिया पाउडर पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित केंद्र के किचन में सफाई व्यवस्था नहीं पाए जाने पर उन्हें पर्याप्त साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए।

# 10वीं की छात्रा की घर में घुसकर हत्या

## एकतरफा प्यार में आरोपी ने साथ चलने को कहा, इनकार पर चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में 10वीं की छात्रा की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। एकतरफा प्यार में आरोपी लड़की के घर पहुंचा और उसे अपने साथ चलने को कहा। नाबालिग ने जब मना किया तो आरोपी वहां से लौट गया। वह थोड़ी देर बार फिर आया और चाकू से लड़की पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।**

वारदात चरगवां थाना क्षेत्र की है। 16 साल की नाबालिग अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। गुरुवार दोपहर को लड़की अपने घर के बाहर बैठकर बर्तन साफ कर रही थी। तभी उसी गांव का रहने वाला आरोपी आरोपी ईशू (20) वहां पहुंचा। उसने लड़की को अपने साथ चलने के लिए कहा। छात्रा ने मना करते हुए उसे भगा दिया। उस वक्त आरोपी चला गया। कुछ देर बाद चाकू लेकर आया और लड़की पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। लड़की



की चीख सुनकर उसकी मौसी बाहर निकली तो आरोपी फरार हो गया। गांव के लोगों की मदद से घायल लड़की को चरगवां स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते वक्त नाबालिग की मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### आरोपी को पकड़ने के लिए बनाई तीन टीमें

आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें बनाई हैं। पुलिस को अंदेशा है कि आरोपी चरगवां के जंगल से होते हुए सिवनी की तरफ भाग गया है। सीएसपी सुनील नेमा ने बताया कि घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। माना जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है। सिवनी पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही एएसपी सोनाली दुबे भी मौके पर पहुंच गईं।

### दो दिन पहले भी गला काटकर छात्रा की हत्या

जबलपुर में सोमवार शाम 11वीं की छात्रा की उसके ही दोस्त रहे युवक ने हत्या कर दी। 16 साल की छात्रा किसी और लड़के के साथ कार में थी। आरोपी को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। जब छात्रा और उसका दोस्त घूमकर लौटे, आरोपी भी दौड़ लगाते हुए पीछे आ गया। वह पहले ही हत्या का मन बना चुका था।

# कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट

## पुलिस ने ओवरटेक कर दो कारें पकड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** कार की खिड़कियों से बाहर निकल कर कई युवा स्टंट कर रहे थे। अन्य वाहन चालकों को कट मारते हुए हूल्लड़ मचा रहे थे। दूसरे वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। पुलिस को सूचना मिली तो फिल्मी स्टाइल में इन कारों का पीछा किया। कुछ कार चालक तो वाहन समेत भाग निकले। दो कार को पुलिस ने रोक कर चालानी कार्रवाई की। स्टंट करने का वीडियो गुरुवार सुबह सामने आया। जानकारी के अनुसार इंदौर से 15 ईको कार में सवार होकर कई युवा एक साथ सांवलियाजी जा रहे थे। बुधवार शाम जावरा-उज्जैन बायपास पर युवा कार की खिड़कियों से बाहर निकल स्टंट करते हुए हुल्लड़ मचा रहे थे। इन कारों की रफ्तार भी तेज थी। कुछ लोगों ने इनके वीडियो बनाकर पुलिस को सूचना दी। जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो को सूचना मिलते ही ट्रैफिक इंचार्ज सोनू वाजपेयी को भेजा गया। पुलिस ने इन कार चालकों का पीछा किया। पुलिस का वाहन देख युवाओं ने अपने वाहन नहीं रोके। पुलिस ने ओवरटेक करते हुए दो कार चालकों को रोका। पुलिस ने उनके खिलाफ मोटर-व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत खतरनाक स्थिति में वाहन चलाने पर 1-1 हजार के चालान काट जुमार्ना वसूला। कुछ युवाओं ने चालानी कार्रवाई नहीं करने को लेकर भी दबाव बनाया। इस दौरान अन्य कार में सवार युवा वाहन समेत वहां से भाग निकले। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा था कि युवा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए खिड़कियों से बाहर निकल कर हुल्लड़ मचा रहे थे।

# स्कूल में करंट उतरने से दो छात्र आए चपेट में

## एक छात्र की मौत, एक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के निवाली विकासखंड के ग्राम मुजाला में प्राथमिक शाला में करंट उतर गया। हादसे में दो छात्र करंट की चपेट में आ गए जिसमें से एक छात्र की मौत हो गई। वहीं एक दूसरा छात्र घायल हो गया। हादसे में कक्षा पांचवी में पढ़ने वाले छात्र अनिल पिता रावत की मौत हो गई।

वही श्रीराम नाम का छात्र घायल हो गया। घायल छात्र श्रीराम ने बताया कि शिक्षक के कहने पर वह और उसका सहपाठी कक्षा का दरवाजा खोलना गया था। जैसे ही दरवाजे को हाथ लगाया उन्हें करंट लग गया। वही जब इस संबंध में हमने विकास खंड शिक्षा अधिकारी पीसी शर्मा से बात की तो उनका कहना था कि चुनाव के दौरान स्कूल में बिजली की व्यवस्था की गई थी।

बारिश होने से दरवाजे में करंट उतर आया जिसके चलते दो बच्चों को करंट लगा है। पानसेमल एसडीएम का कहना है कि टेंपरेरी कनेक्शन स्कूल में लगा हुआ था जिसके तार खुले थे और दरवाजे में करंट उतर आया। हम मौके पर गए थे। घटनास्थल की जांच कर रहे है। वही इस पूरे मामले में सेंधवा ग्रामीण पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामला संज्ञान में लिया है।

### चंदेरी और मुंगावली में बोले सिंधिया ...

# भू-माफिया, राशन माफिया और रेत माफियाओं को बाहर करके रहूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुरुवार को चंदेरी और मुंगावली पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- आप सभी ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया है, अब मेरी बारी है। सिंधिया ने कहा- आपकी जरूरतें पूरी करने के लिए तन-मन लगा दूंगा। उन्होंने कहा- मेरा और आपका परिवार का रिश्ता है। साथ ही सिंधिया ने कहा कि अब नई जंग की शुरूआत होगी। अशोकनगर, चंदेरी मुंगावली से भू-माफिया, राशन माफिया और रेत माफियाओं को बाहर कर देंगे। इस क्षेत्र को माफिया मुक्त करके छोड़ूंगा।

# चलती बस में उठा धुएं का गुबार, सवारियों में मची अफरातफरी

## ड्राइवर ने बस रोक पेसेंजर्स को उतारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के बामौरकला थाना क्षेत्र के हसर्रा गांव के पास करैरा से चंदेरी जा रही बस में अचानक से धुआं उठने लगा, जिसे देख बस की सवारियों में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि धुंआ को देख बस ड्राइवर ने बस को तत्काल रोक दिया था इसके बाद सवारियों ने बस से उतरकर राहत की सांस ली।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर एक बस करैरा से भरकर चंदेरी की ओर जा रही थी इसी दौरान हसर्रा गांव के पास बस के इंजन में से एक धुआं उठने लगा। धुंआ इतना घना था कि उसने बस को अपनी चपेट में ले लिया था। चारों ओर बस धुंआ ही धुंआ दिखाई दे रहा था। चूंकि बस की रफ्तार कम थी इसके चलते बस तत्काल ड्राइवर ने रोक दी और सभी सवारियों को सुरक्षित नीचे उतार दिया। बताया गया है कि बस में सिर्फ इंजन में से धुंआ ही उठा था बस में किसी भी प्रकार की आग नहीं लगी सूचना मिलते ही बामौरकला थाना पुलिस सहित फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई थी लेकिन तब बस में उठता हुआ धुंआ शांत हो गया था।

# नदी में मिला हाथ का कटा पंजा

## हत्या की आशंका में शव तलाशती रही पुलिस; सामने आई कुछ और कहानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर की सुनार नदी में एक कटा हुआ पंजा मिला। लोगों ने जब इसे देखा तो पुलिस को सूचना दी। हत्या की आशंका में पुलिस ने दिनभर डेड बॉडी की तलाश की। बाद में मामला कुछ और निकला। हालांकि, पुलिस अब भी इस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।**

मामला बुधवार का है। जिले के रहली इलाके में बहने वाली सुनार नदी में कुछ लोग नहा रहे थे, तभी उन्हें खून से भरी पॉलिथीन तैरती दिखी। पास जाकर देखा तो उसके अंदर किसी इंसान के हाथ का कटा हुआ पंजा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसे हत्या का केस माना और बॉडी के दूसरे पाट्र्स की तलाश शुरू की।

### पुलिस जांच में ये कहानी सामने आई

पुलिस ने बुधवार को दिनभर जांच-पड़ताल की, जिसमें पता चला कि कटा हुआ हाथ का पंजा छिरारी गांव के युवक अरविंद साहू का है। थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से उसका पंजा कट गया था। उसके परिजन ने इसे नदी में विसर्जित कर दिया था। परिजन ने पुलिस को इस हादसे की सूचना नहीं दी थी। अब शुरूआती जांच में यह तो सामने आ गया है कि पंजा अरविंद साहू का ही है, लेकिन इसे कन्फर्म करने के लिए पुलिस जांच करा रही है। एएसपी डॉ. संजीव उइके का कहना है कि जरूरत पड़ने पर डीएनए जांच कराई जाएगी।

### पुलिस ने पॉलिथीन बहाई, दोबारा बरामद की

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे रहली थाने की पुलिस लोगों की सूचना पर सुनार नदी पहुंची। पुलिस ने पॉलिथीन देखी और इस वापस नदी में बहा दिया।



इस बीच लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी को भी मौके पर बुला लिया। मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस दोबारा नदी पर पहुंची और पंजे को जब्त कर जांच के लिए भेजा।

### अस्पताल से मिला कटे पंजे का सुराग

पुलिस ने नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों से पूछताछ की। छिरारी गांव में मंगलवार को एक युवक का हाथ कटने की जानकारी मिली। इस पर रहली के स्वास्थ्य केंद्र से जानकारी निकाली। यहां से घायल युवक का नाम मिला। पुलिस ने परिवार से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि नदी में मिला पंजा अरविंद साहू का है। उसका इलाज सागर में चल रहा है।

### थ्रेशर की सफाई करते समय कटा हाथ

रहली थाना प्रभारी आशीष कुमरे ने बताया कि कटा हुआ पंजा ग्राम छिरारी निवासी 27 वर्षीय अरविंद साहू का है। मंगलवार को वह थ्रेशर साफ कर रहा था, तभी हाथ चपेट में आकर कट गया। परिजन उसे रहली अस्पताल ले गए। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक सागर के निजी अस्पताल में भर्ती है। उसके पिता मोहनलाल साहू ने बताया कि सागर जाते समय रास्ते में बड़े पुल से सुनार नदी में कटे हुए पंजे को पॉलिथिन में रखकर विसर्जित कर दिया था।

## संपादकीय

### नेताओं के मतभेद - जनता की बढ़ीं मुश्किलें

एक बार फिर नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' के खिलाफ एक नया गठबंधन बन गया है, जिसमें नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने मिल कर सरकार बनाने की घोषणा कर दी है। ये दोनों दल अभी तक प्रचंड सरकार को समर्थन देते आ रहे थे, मगर अब उनमें मतभेद उभर गया है। हालांकि प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि वे सदन में विश्वास मत का सामना करेंगे। पिछले वर्ष भी इसी तरह मतभेद उभरे थे और लगा था कि प्रचंड सरकार गिर जाएगी। मगर इस बार लगता है कि सत्ता की कमान प्रचंड के हाथ से फिसल जाएगी। दरअसल, नेपाल का राजनीतिक समीकरण कुछ ऐसा बन गया है कि पिछले करीब साढ़े तीन दशक से वहां गठबंधन सरकारें ही बनती आ रही हैं। थोड़े-थोड़े समय पर उनमें मतभेद उभरता है और सरकार बदल जाती है। वहां की राजनीति में प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और खड्ग प्रसाद शर्मा 'ओली' की तिकड़ी ही हावी रही है। वही फेर-बदल कर सरकारें गिराते और बनाते देखे जाते हैं। दरअसल, नेपाल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली है। इस तरह संघीय सरकार पर प्रांतीय दलों और सरकारों का दबदबा लगातार बना रहता है। जबसे वहां नेपाली पंचायत की जगह बहुदलीय व्यवस्था लागू हुई है, तबसे गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ है और अब कहा जाता है कि राजनीतिक अस्थिरता वहां का स्थायी भाव बन चुका है। क्षेत्रीय दल बेशक संघीय स्तर पर छोटे नजर आते हैं, मगर प्रांतीय स्तर पर उनकी स्थिति मजबूत होने की वजह से वे आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली में दबदबा बनाने में कामयाब रहते हैं। उनका मकसद ज्यादातर संघीय सरकार में पद और राजनीतिक लाभ उठाने का अधिक रहता है। इसीलिए वहां अतिराष्ट्रवाद जैसी विचारधारा भी विकसित हुई है। इस राजनीतिक जोड़-तोड़ के चलते नेपाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है, वह दुनिया के सबसे कम विकसित देशों की श्रेणी में आ गया है। लोग इस राजनीतिक अस्थिरता से परेशान हैं। अगर वहां की संविधान सभा में जल्दी इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं तलाशा गया, तो नेपाल का हाल दिन पर दिन खराब ही होता जाएगा।

**अर्ज किया है..!**

*कोई नालाँ कोई गिर्यां कोई*
*बिस्मिल हो गया*
*उस के उठते ही दिगर-गूँ*
*रंग-ए-महफ़िल हो गया*

*-अबुल कलाम आज़ाद*

## OSHO कहिन

**"जिंदगी कोई मुसीबत नहीं है, बल्कि यह तो खूबसूरत तोहफा है।"**



## धर्म-कर्म

# सावन का पहला सोमवार कब है, 5 शुभ योग में होगा शिव पूजन, जानें महत्व और पूजा विधि

22 जुलाई दिन सोमवार से सावन मास का आरंभ हो रहा है और इस दिन सावन के पहले सोमवार का व्रत भी किया जाएगा। हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है क्योंकि सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय मास है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूरे साल शिव पूजा से जो पुण्य फल मिलता है, वह सावन सोमवार में भगवान शिव का जलाभिषेक और बेलपत्र अर्पित करने से प्राप्त होता है। सावन सोमवार का व्रत करने और भगवान शिव की विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने पर जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। सोने पर सुहागा यह है कि इस बार सावन के पहले सोमवार पर एक या दो नहीं बल्कि पांच अद्भुत योग में भगवान शिव की पूजा की जाएगी। आइए जानते हैं सावन के पहले सोमवार पर बन रहे शुभ योग के बारे में...



### कब है सावन का पहला सोमवार?

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को है और इसी दिन से सावन मास का आरंभ भी हो रहा है। साथ ही इस बार सावन मास में यह शुभ संयोग बन रहा है कि सावन की शुरुआत सोमवार से और समापन भी सोमवार को हो रहा है। सावन मास का आरंभ 22 जुलाई 2024 दिन सोमवार से और समापन 19 अगस्त 2024 दिन सोमवार को होगा। इस बार सावन में पांच सावन सोमवार का व्रत किया जाएगा, जो बेहद शुभ माने जाते हैं।

### सावन के पहले सोमवार पर बने 5 शुभ योग

सावन के पहले सोमवार पर इस बार 5 अद्भुत योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। सावन के पहले सोमवार पर प्रीति योग के साथ आयुष्मान योग बन रहा है। साथ ही चंद्रमा और मंगल एक दूसरे से नौवें और पांचवे भाव में मौजूद रहने से नवम पंचम योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन शनि स्वराशि कुंभ में रहने की वजह से शश योग बन रहा है। शश योग के साथ सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला सर्वाद्ध सिद्ध योग भी सावन के पहले सोमवार को बन रहा है। इस पांच शुभ योग में भगवान आशुतोष की पूजा अर्चना करने से जीवन में शुभ परिणामों की प्राप्ति होगी।

### सावन सोमवार का महत्व

शिव पुराण के अनुसार, सावन सोमवार का व्रत करने से भाग्योदय होता है और भक्तों पर शिव कृपा भी बनी रहती है। साथ ही जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए सावन सोमवार का व्रत किया जाता है। सावन में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से ग्रह-नक्षत्रों का शुभ फल प्राप्त होता और सभी दोष दूर होते हैं क्योंकि भगवान शिव सभी ग्रह-नक्षत्र और सृष्टि के स्वामी हैं, वह देवों के देव महादेव हैं। जो प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा अर्चना नहीं कर सकता, उसे सावन सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा अवश्य करनी चाहिए और व्रत रखना चाहिए। महादेव को आशुतोष भी कहा जाता है, आशुतोष का अर्थ है तुरंत खुश या प्रसन्न होने वाला। इसके अलावा मान्यता यह भी है कि भगवान शिव सावन मास में धरती पर अपने ससुराल गए थे, जहां उनका भव्य स्वागत जलाभिषेक करके किया गया था। इसलिए इस मास भक्त भक्ति में लीन रहते हैं, जिससे शिव कृपा प्राप्त की जा सके।

### सावन के पहले सोमवार को इस तरह करें शिव पूजन

सावन सोमवार का व्रत ब्रह्म मुहूर्त से लेकर प्रदोष काल तक यानी दिन के तीसरे प्रहर सायंकाल तक रखा जाता है। सावन के पहले सोमवार के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान ध्यान करके हाथ में अक्षत लेकर सावन सोमवार के व्रत का संकल्प लें। इसके बाद पास के शिवालय में जाकर शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद, सुपारी, फल, फूल, भांग, धतूरा आदि पूजन सामग्री अर्पित करें और विधि विधान के साथ शिवलिंग की पूजा करें। सावन सोमवार का व्रत कर रहे हैं तो कथा सुनना अनिवार्य माना जाता है। कथा सुनने व कहने के बाद शिव मंत्रों का जप करें और आरती करें। इसके बाद प्रदोष काल में भी शिव पूजन अवश्य करें, शिव पूजन करने के बाद आप फलाहार कर सकते हैं। उपवास करने वालों को रात्रि के समय जमीन पर ही सोना चाहिए।

### सावन सोमवार की तिथियां

**22 जुलाई 2024- पहला सोमवार**
**29 जुलाई 2024-दूसरा सोमवार**
**5 अगस्त 2024- तीसरा सोमवार**
**12 अगस्त 2024- चौथा सोमवार**
**19 अगस्त 2024- पांचवा सोमवार**

## Rajsthan

# लव मैरिज से नाराज परिजनों ने बेटी को मार डाला, पति के सामने अगवा किया, पुलिस को मिला अधजला शव

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के झालावाड़ जिले के शौरती गांव में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। प्रेम विवाह करने से नाराज युवती के परिजनों ने उसका अपहरण कर हत्या दी। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अधजला शव बरामद किया है। विवाहिता युवती की हत्या करने वाले परिजन फरार है। जावर थाना पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार झालावाड़ जिले के शौरती गांव में रहने वाली शिमला कुशवाहा (20) पिता कजोड़ी लाल कुशवाहा ने गांव के ही रहने वाले रविंद्र भील पिता अमृत भील से एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। युवती के परिजन इस शादी के खिलाफ थे, ऐसे में शादीशुदा जोड़े को डर था कि वे उसके साथ कुछ भी कर सकते हैं। इस डर के कारण नव विवाहित जोड़ा परिजनों से दूर मध्य प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग जिलों में रह रहा था। गुरुवार को यह जोड़ा मध्य प्रदेश से बारां जिले की हरनावदाशाहजी सेंट्रल बैंक में रुपए निकलवाने पहुंचा था, इस दौरान युवती के परिजनों को उनके आने की भनक लग गई। इसके बाद बैंक में पहुंचे और युवती का दिनदहाड़े अपहरण कर अपने साथ ले गए। पति ने उसे छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ नहीं कर सका। पत्नी शिमला को ले जाने के बाद पति रविंद्र हरनावदाशाहजी थाने पहुंचा और घटना की जानकारी दी। उसने पुलिस ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बैंक में रुपये निकालने आया था।



## Bihar

# बिहार में पड़ोसी के घर मिला भाजपा नेता का शव, नाक-मुंह से खून निकल रहा था

**अररिया, (एजेंसी)** बिहार के अररिया शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा का शव शिवपुरी इलाके में उनके घर से महज पांच मीटर दूर पड़ोसी के घर में मिला है। शव पर गोली या चाकू के निशान नहीं हैं लेकिन मुंह और नाक से खून बह रहा था। भाजपा नेता के परिजनों ने आशंका जताई है कि पप्पू की हत्या हुई है। भाजपा के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने बताया कि पलासी निवासी प्रकाश गुप्ता के घर में पप्पू का शव मिला है जहां कोई नहीं था। भाजपा जिलाध्यक्ष आरक्षी अधीक्षक (एसपी) से मिल हैं। एसपी ने भाजपा नेताओं से कहा है कि केस की हर एंगल से जांच होगी जिसमें हत्या भी शामिल है। पप्पू झा इस समय भाजपा की जिला कार्यसमिति के सदस्य थे।

मूल रूप से अररिया जिले के ही जोकीहाट थाना क्षेत्र के रहने वाले पप्पू झा अररिया कॉलेज के शिक्षक अंनत मोहन झा के बेटे थे। वो लंबे समय से अररिया में रह रहे थे और भाजपा के सक्रिय नेता थे। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम, डीआईयू, डॉग स्क्वॉयड और नगर थाना की पुलिस समेत सीनियर पुलिस अधिकारी पहुंच छानबीन शुरू कर दी। घटना स्थल के पास के सीसीटीवी कैमरा के डीवीआर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पप्पू की लाश मिलने की सूचना के बाद शिवपुरी स्थित घटनास्थल पर बीजेपी नेताओं का जमावड़ा लग गया। परिजनों का आरोप है कि गला दबाकर पप्पू की हत्या की गई है।

घटना की सूचना के बाद एसपी अमित रंजन, एएसपी रामपुकार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी माधुरी कुमारी, नगर थानेदार मनीष रजक के साथ-साथ बाकी टीम ने पड़ताल शुरू की। आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की गई है। एसपी अमित रंजन ने कहा कि पुलिस हर एंगल से पड़ताल कर रही है।

## Uttarpradesh

# आगरा एयरफोर्स स्टेशन में अग्निवीर ने गोली मारकर खुदकुशी की, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ विदाई

**आगरा, (एजेंसी)** आरिसर टेक्नीकर्स एरिया (शाहगंज) में मंगलवार की रात डेढ़ बजे अग्निवीर जवान श्रीकांत कुमार चौधरी (22) ने सरकारी इंसास से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। श्रीकांत मूलतः नारायणपुर, बलिया के निवासी थे। डेढ़ साल पहले अग्निवीर योजना के तहत संतरी पद पर भर्ती हुए थे। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो सकी है। घटना रात करीब डेढ़ बजे की है। इंस्पेक्टर शाहगंज अमित कुमार मान ने बताया कि जवान ने माथे के बीच में खुद को गोली मारी है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उनके जीजा और रिश्तेदार शव लेकर चले गए। परिजनों ने इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं की है। वे तहरीर देंगे तो पुलिस अपने स्तर से जांच करेगी। आगरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान मंगलवार की रात संदिग्ध हाल में गोली लगने से एयरफोर्स के जवान श्रीकांत की मौत हो गई थी। बड़े भाई सिद्धांत बुधवार को आगरा पहुंच गए। जवान का पार्थिव शरीर गुरुवार की सुबह गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया।

## New Delhi

# दिल्ली में लड़की की गुंडागर्दी... ऑटो चालक को बेसबॉल बैट से किया लहूलुहान, कहा- इसने भाई पर हमला किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक लड़की ने ऑटो रिक्शा चालक की बेसबॉल बैट से पिटाई कर दी. लड़की का कहना था कि ऑटो रिक्शा ड्राइवर ने उसके भाई पर हमला कर दिया था. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. एजेंसी के अनुसार, मंगलवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की शिव शंकर नाम के ऑटो चालक को बेसबॉल बैट से पीट रही है. इसी के साथ वह मेटल की चूड़ी से भी मारती दिखाई दे रही है. लड़की के द्वारा पिटाई से ऑटो ड्राइवर शंकर के सिर में चोट आ गई. उसे राहगीरों ने बचाया. पुलिस ने बताया कि ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया. इस मामले के बारे में जब पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया. अफसरों का कहना है कि लड़की का आरोप है कि ऑटो ड्राइवर ने उसके भाई के साथ मारपीट की, भाई ई-रिक्शा चलाता है, उस पर शंकर ने हमला कर दिया था. शंकर ने ई-रिक्शा ले जा रहे भाई को साइड नहीं दी थी और हमला भी कर दिया था. इस मामले में ऑटो ड्राइवर शंकर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी को पकड़ने के प्रयास में जुटी है.

साभार आज तक

## खेल

# मुंबई एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के विमान को वाटर कैनन सैल्यूट, विक्ट्री परेड में जोश में दिखे भारतीय

मुंबई। विश्व विजेता भारतीय टीम मुंबई पहुंच चुकी है। सिर्फ भारतीय खिलाड़ी को प्यार नहीं मिल रहा, बल्कि जिस फ्लाइट से टीम इंडिया के खिलाड़ी मुंबई पहुंचे, उसे मुंबई एयरपोर्ट पर वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। इस खास जेस्चर के जरिये एयरपोर्ट अथॉरिटी ने चैंपियन भारतीय टीम के प्रति अपना सम्मान जताया। इसका वीडियो भी सामने आया है।



भारतीय टीम जैसे ही मुंबई एयरपोर्ट से बाहर निकली, भारी भीड़ ने उन्हें घेर लिया। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने की वजह से खिलाड़ियों को एयरपोर्ट से बाहर निकलने में ज्यादा दिक्कत नहीं हुई।

भारतीय टीम के साथ ही बीसीसीआई के पदाधिकारी भी मुंबई पहुंचे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला मुंबई एयरपोर्ट से निकले। एयरपोर्ट से निकली बस में जय शाह रोहित के बगल वाली सीट पर बैठे नजर आए।

भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ मुंबई एयरपोर्ट के बाहर आए और उन्होंने प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया। हार्दिक के हाथों में ट्रॉफी देखकर प्रशंसक काफी खुश हुए। हार्दिक ने फैंस की ओर ट्रॉफी लहराया। दरअसल, हार्दिक को अब से कुछ महीने पहले ही मुंबई में काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का कप्तान बनकर आए हार्दिक को किसी ने पसंद नहीं किया था और वानखेड़े स्टेडियम में फैंस ने उनकी आलोचना की थी। अब जब वह विश्व कप ट्रॉफी लेकर बाहर आए तो फैंस ने उन्हें चीयर किया।

## सिनेमा

# Kalki 2898 एडी की मुकेश खन्ना ने की शक्तिमान से तुलना, बोले- मेरी फिल्म ज्यादा बेहतर और बड़ी होगी



नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित और साल 2898 एडी में स्थापित इस फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन लीड रोल में हैं। मुकेश खन्ना ने इस फिल्म को देखा है और उन्होंने इस फिल्म से अपनी फिल्म शक्तिमान को कम्पेयर किया है जिसको लेकर वह कई बार बात कर चुके हैं। मुकेश का हालांकि मानना है कि वह इस फिल्म के ग्रैंड स्केल को देखकर डरे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि शक्तिमान भी सक्सेसफुल रहेगी। शक्तिमान को लेकर क्या उम्मीदें हैं इस पर मुकेश ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे थोड़ा डर लगा जब मैंने प्रोजेक्ट का स्केल देखा। मैं उनमें से नहीं हूं जो कॉन्फिडेंटली कह दे कि मैं यह भी कर सकता हूं। मैं सोचता हूं कि क्या मैं इस मैग्नीट्यूड का कुछ हैंडल कर सकता हूं। ऐसे प्रोजेक्ट्स में बहुत मेहनत और डेडिकेटेड टीम चाहिए होती है। अवतार और बाहुबली जैसी फिल्म के पीछे कई हजार लोगों की मेहनत होती है। हर चीज का बेहद ध्यान रखा जाता है स्टोरीबोर्डिंग से लेकर स्कोरिंग तक।' उन्होंने आगे कहा, 'काश मैं इस लेवल का डेडिकेशन और रिसोर्स शक्तिमान में भी ला सकूं।

## Highlights

1. Kladana enters India to enable tech solutions for MSMEs
2. Who wears shoes during satsang: Baba Bageshwar on 'Bhole Baba'
3. 'Bhole Baba', whose satsang caused Hathras stampede, has ₹100 cr assets: Report
4. Stampede victims' families poor, must get more compensation: Rahul
5. 15 Kerala students hospitalised after inhaling smoke from generator
6. Pune teen who killed 2 with Porsche submits essay on accidents as per bail order

# Marico billionaire Harsh Mariwala visits Mumbai supermarket: 'I do it regularly'

**NEW DEIHI, (Agency).** At the age of 73, Harsh Mariwala still plays a very active role in the business he set up more than four decades ago. The Indian billionaire behind consumer goods company Marico recently visited a general store in Mumbai to meet with retailers and distributors and gauge consumer insights. In fact, visiting supermarkets and general stores is something that Mariwala does regularly to keep on top of fast-changing consumer trends.

His company Marico is best known for its Saffola cooking oil and Parachute hair oil. It is also represented by popular brands like Set Wet, Nihar, Livon and Mediker.

With an estimated net worth of $3.5 billion (as per Forbes), Mariwala could easily delegate the ground work, but the chairman of Marico recently shared a photograph which shows him at a supermarket in Mumbai.



"One thing I like to do is regularly go on visits to stores and meet with the retailers and distributors," Harsh Mariwala wrote on X while sharing the picture. "It gives me a clear insight into the consumer mind and the emerging trends. Here I am at Shivraj Super Market in Parel, Mumbai."

"How do you like to do consumer insighting for your business?" he asked.

People in the comments section praised Mariwala but also offered suggestions for improvement.

"Personal interaction is priceless!" wrote one X user. "Amazing. First hand ground insights and then aligning it with boardroom discussions," another said.

"Sir, your prime customers (who use coconut oil) are in tier 3 cities and villages. Please engage with them also so understand their aspirations and changing needs," an X user named Sourabh Agarwal suggested.

And when a distributor from Jhansi complained in the comments section about the change in the composition of Saffola oil, Mariwala responded to him with an assurance that someone from the Consumer Services Cell team would reach out to him.

# HDFC Bank share price falls 3% as deposits, advances growth decline in Q1

**NEW DEIHI, (Agency).** HDFC Bank share price tumbled more than 3% in early deals today (July 5) as the private lender reported its Q1 business update which showed a sequential fall in advances and deposits. HDFC Bank's advances dropped 0.8% quarter-on-quarter (QoQ) to ₹24.87 lakh crore at the end of June 2024 from




₹25.1 lakh crore at the end of March 2024.

The bank's advances grew 52.6% from ₹16.30 lakh crore on a year-on-year (YoY) basis while deposits in Q1FY25 were at ₹23,79,000 crore, registering a growth of 24.4% from ₹19,13,100 crore, YoY. Deposits were at similar levels compared to ₹23,79,800 crore as of March 31, 2024.

Shares of HDFC Bank - down 2.4% this year compared with gains of over 11% in the benchmark Nifty 50 index - were set for their biggest one-day drop since June 4. The stock had hit a record high earlier this week on hopes of a bigger weight in a key MSCI index.

# बिल्ड़ीग से कूदी थी महिला, पुलिस ने प्रेमी को बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कनाडिया थाना क्षेत्र की एक बिल्डिंग से युवती पिछले शुक्रवार को एक युवती ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती किसी से फोन पर बात कर रही थी तभी अचानक किसी बात पर विवाद होने के चलते वह बिल्डिंग से कूद गई, जहां तीसरे माले से कूदने पर युवती के सिर में चोट आई, और युवती ने मौके पर दम तोड़ दिया। पुलिस ने आखिरी कॉल ट्रेस किया तो उसके प्रेमी का निकला। जो उसे कह रहा था तू मर जा फिर भी शादी नही करूंगा।पुलिस ने इस मामले में देर रात उस पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक बुलबुल चंदेल निवासी ग्राम कनाडिय़ा की मौत के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी दीपक यादव को आरोपी बनाया है। दीपक यादव और बुलबुल के बीच करीब 7 सालो से प्रेम सबंध थे। लेकिन दीपक बाद में बुलबुल से शादी करने से इंकार कर रहा था। इसी बात से वह डिप्रेशन में थी। जिसमें उसने यह कदम उठा लिया। बुलबुल के पिता ने बयान में बताया कि उनकी पत्नी अनीता ने 2017 में समूह लोन लिया था। जिसमें दीपक का इसी मामले में उनके घर पर जाना आना था। दोनो कब एक दूसरे को पंसद करने लगे। उन्हें पता नही चला। बाद में यह बात पूछने पर बुलबुल ने बताई थी। वह दीपक यादव से शादी करना चाहती थी। दोनो ने शादी को लेकर आपसी सहमति भी कर ली थी, लेकिन दीपक शादी कब करेगा। इस बात की कोई जानकारी नही थी। यह बात भी उसके पिता ओर भाई को पता थी। दीपक ने कुछ समय से बुलबुल से शादी ना करने का मन बना लिया था। वह उसे इंकार कर रहा था। बुलबुल डिप्रेशन में चली गई थी।


बुलबुल के पिता मोहन ने दीपक से बात करने के लिए उसे फोन भी लगाए। उसने फोन रिसीव नही किये। दीपक ने कहा था कि तूम मर भी जाओगी तो शादी नही करेगा। यह बात पिता को बताई पिता मोहन ने बुलबुल को काफी समझाया। लेकिन उसका तनाव बढ़ रहा था। दीपक ने बुलबुल से यह भी कहां था कि मेरी मर्जी होने तक तुझे कही ओर भी शादी नही करने दूंगा। आखिरी दिन बुलबुल ने दीपक को ही कॉल किया ओर वह बात करते हुए श्रीधर भवन की एचडीएफसी बिल्ड़ीग में पहुंची।

यहां पर दीपक से शादी की बात कही ओर बताया कि वह बिल्ड़ीग की छत पर है। इस पर दीपक ने उसे फिर से कहां कि वह तू मर भी जा फिर भी शादी नही होगी। आखिर में बुलबुल चदेंल उपर से कूद गई ओर अपनी जान दे दी।

## पुलिस वाले के भाई का अपहरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक पुलिस वाले के भाई के अपहरण के मामले में कनाडिय़ा पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि रुपयों के लेनदेन में अपहरण किया गया था। पुलिस के मुताबिक प्रापर्टी का काम करने वाले जीपी पाल गुरूवार शाम अपनी कार से फीनिक्स मॉल के यहां अपनी जमीन पर गए थे। इस दौरान दो कार सवारो ने उनकी कार को पीछा किया ओर कार रोककर उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले गए। आरोपियों ने तिंछाफाल के यहां उन्हें छोड़ा ओर कुछ चेक पर साईन करवा ली। पुलिस ने इस मामले में निक्की शर्मा ओर उसके साथियो पर केस दर्ज किया है। जी पी पाल भोपाल के रहने वाले है। उनका एक भाई लसूडिया थाने में है। जो हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है। आरोपी शहर के बाहर के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर र ही है।




# लिव इन पार्टनर ने दिया धोखा, बनाता रहा संबंध

◆ कई साल तक शोषण के बाद शादी से इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तिलक नगर में किराए से रहने वाली 25 साल की बैंक में आईटी टेक्नीशियन युवती ने लिव-इन पार्टनर और उसके पिता के खिलाफ रेप और धमकाने का केस दर्ज कराया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके पिता को रोका और शादी नहीं करने दी। इसके बाद दोस्त के पिता से बात की तो वह इंदौर में ही हत्या की धमकी देने लेगे। जावद में जहां भाई-बहन रहते हैं, उन्हें उठवा कर हाथ पैर तोडऩे की बात करने लगे। आखिर में परेशान होकर पुलिस की मदद लेना पड़ी।

तिलक नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवती ने गौरव सोनी और उसके पिता राजेश सोनी, निवासी रैन गली, लक्ष्मी चौक जावद के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि वह मूल रूप से जावद की रहने वाली है और 2018 से इंदौर में रहती है। पिछले तीन साल से तिलक नगर में रह रही है। आरोपी गौरव सोनी भी जावद का रहने वाला है, इसलिए उससे पहले से जान-पहचान थी। गौरव से मोबाइल पर बात होती रहती थी। कभी-कभी दोनों मिलते भी थे। कुछ समय बाद गौरव ने उससे प्यार का इजहार करते हुए शादी करने की इच्छा जताई। पीड़िता ने बताया कि वह भी गौरव को पंसद करने लगी थी। इसलिए गौरव की बात पर विश्वास कर उसे हां कह दिया। इसके बाद वह जब भी इंदौर आता तो उसके साथ संबंध बनाता। बाद में वह नौकरी के लिए इंदौर आ गया और दोनों लिव इन में रहने लगे। इसके बाद कई बार उसने संबंध बनाए और हर बार शादी का वादा किया। तीन चार साल तक शोषण करता रहा। बाद में पता चला कि वह दूसरी लडक़ी से सगाई करने वाला है। उसके पिता को दोनों के संबंध की बात बताई तो वह भी धमकाने लगे। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## शहर में फिर सुबह से बादलों का दौर, कई क्षेत्रों बूंदाबांदी

**इंदौर**। शहर में पिछले 24 घंटों में बादलों का दौर चल रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे और बरसने की उम्मीद लगी, लेकिन बारिश नहीं हुई। गुरुवार को दिन में 24 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली जिससे दिन के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई है। रात का तापमान तीन दिनों से 24 डिग्री बना हुआ है। शुक्रवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आज गरज-चमक के साथ हल्की बारिश के आसार जताए हैं। अगले दो दिनों में स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनेगा। इससे इंदौर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का अनुमान है। सुबह कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई।

## पार्षद की गिरफ्तारी का विरोध

### सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली रैली, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू में 28 जून को धार नाका क्षेत्र में सडक़ चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान विरोध कर रही वार्ड 10 की पार्षद स्वर्णा दुबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसको लेकर गुरुवार को सर्व ब्राह्मण समाज ने विरोध जताकर धार नाका से महू गांव में स्थित तहसील कार्यालय तक रैली निकाली।

आरती शर्मा ने बताया जिस प्रकार पुलिस ने तुरंत एक डॉक्टर जनप्रतिनिधि को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन प्रशासन की हिम्मत नहीं है कि वह चोर बदमाशों को तुरंत गिरफ्तार कर सके। वहीं सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कैलाश दत्त पांडे का कहना है कि स्वर्णा दुबे को जिस प्रकार महिला पुलिसकर्मी गिरफ्तार कर ले जा रही थी और उन पर 151 की धारा लगाई गई। यह धारा अपराधी और गुंडे तत्व के लोगों पर लगती है, जिसका आज सर्व ब्राह्मण समाज विरोध कर रहा है। विरोध के रूप में सर्व ब्राह्मण समाज ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। लोगों का कहना था कि जिस प्रकार से एक महिला जनप्रतिनिधि डॉक्टर के साथ पुलिस प्रशासन ने व्यवहार किया है। यह बहुत ही चिंताजनक विषय है।विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरुष और युवा मौजूद रहे।

## जाम गेट पर मारपीट का वीडियो आया सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर के पास आने वाले पर्यटक स्थल जाम गेट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लडक़े अपने हाथ में डंडे लिए लड़ाई कर रहे हैं। इसके साथ ही एक दूसरे को गाली दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार बेटमा से कुछ युवक घूमने आए थे। तभी उनका विवाद यहां मौजूद गेट पर रसीद काटने वाले युवकों से हो गया। तभी गेट पर काम करने वाले युवकों ने बेटमा से घूमने आए पर्यटक पर डंडे से मारपीट करना शुरु कर दी। यहां मौजूद रसीद काटने वाले जीतू ने बताया कि स्पीड में एक युवक बुलेट लेकर आया और आगे जाकर एक शख्स को टक्कर मार दी। तभी यहां मौजूद काम करने वाले लडक़ों ने उन्हें समझाया तो उल्टा उनसे लड़ाई करने लगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक